# पूर्व स्नातिकाओं ने अपनी तपस्या से महिला विवि को आगे बढ़ाया : प्रो. सुदेश



गोहाना | बीपीएस महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि विवि की पूर्व स्नातिकाओं ने अपनी तपस्या से संस्थान को आगे बढ़ाया है। वे आज अनुशासन से देश के निर्माण में अपनी भागीदारी निभा रही हैं। ऐसे में छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। वह शनिवार को महिला विवि में आयोजित हवन में गुरुकुल की पूर्व स्नातिका शांति देवी के परिवार सहित हवन में आहुति डालने के बाद छात्राओं को संबोधित कर रही थी। प्रो. सुदेश ने कहा कि महिला विवि में गुरुकुल कालीन परंपरा के अनुसार ही नित्य हवन का आयोजन किया जाता है। हवन से हमारा वातावरण शुद्ध होता है और छात्राओं में भी सकारात्मक संचार होता है। इस पर उन्होंने छात्राओं को एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन में संघर्ष के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं पूर्व स्नातिका शांति देवी ने कहा कि लड़का पढ़ता है तो एक घर संवरता है, लेकिन बेटी पढ़ती है तो दो घर संवरते है। महिला विवि में पढ़ी बेटियों की पहचान अलग ही होनी चाहिए और सभी को लगे की इन बेटियों ने एक पवित्र संस्थान से शिक्षा व संस्कार ग्रहण किए हैं। इस मौके पर जितेंद्र, सुनीता, बहन कमला रानी, चीफ वार्डन सुमन दलाल, डॉ. प्रिय ढींगरा आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 03 Mar 2024 - P

# हवन से शुद्ध होता है वातावरण : प्रो. सुदेश

गोहाना। बीपीएस महिला वश्विवद्यिालय में गुरुकुल कालीन परम्परा के अनुसार ही नत्यि हवन का आयोजन किया जाता है। शनिवार हवन संध्या में कुलपति प्रो. सुदेश ने गुरुकुल की पूर्व स्नातिका शांति देवी के परिवार सहित  हवन में आहुति डाली। कुलपति ने कहा कि शांति देवी बहुत ही उत्साह और स्नेह के साथ छात्राओं को आशीर्वाद देने आई हैं। कुलपति ने कहा कि पूर्व स्नातिकाओं ने अपनी तपस्या से इस संस्थान को आगे बढ़ाया है।

CITY AIR NEWS





Hindi News

# हवन से होता है सकारात्मकता का संचार: कुलपति प्रो सुदेश

Girish Saini Mar 2, 2024 08:20



खानपुर कलां,गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में गुरुकुल परम्परा के अनुसार आयोजित नित्य हवन में शनिवार को कुलपति प्रो सुदेश ने गुरुकुल की पूर्व छात्रा शांति देवी के परिवार सहित आहुति डाली।

इस दौरान पूर्व छात्रा व उनके परिजनों का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि संस्थान की पूर्व छात्राओं ने अपनी तपस्या से इस संस्थान को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है।उन्होंने छात्राओं को उनसे प्रेरणा लेने की बात कही।

कुलपति प्रो सुदेश ने हवन का महत्व समझाते हुए कहा कि इससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है। साथ ही एक सकारात्मकता का संचार होता है। यह सकारात्मक ऊर्जा छात्राओं को जीवन में संघर्ष के लिए तैयार करती है।

पूर्व छात्रा शांति देवी ने अपने संबोधन में कहा कि बेटी पढ़ती है तो दो घर संवरते है। भगत फूल सिंह महिला विवि में पढ़ी बेटियों की पहचान अलग ही होनी चाहिए। शांति देवी के पुत्र जितेंद्र ने पत्नी सुनीता सहित यजमान का दायित्व निभाया। इस मौके पर बहन कमला रानी, चीफ वार्डन डॉ सुमन  दलाल, डॉ प्रिया धींगड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

Tags: Havan spreads positivity, Vice Chancellor Prof. Sudesh

PREVIOUS ARTICLE: Floral Fiesta: A Floral Delight at Science City
NEXT ARTICLE: अर्थशास्त्र विभाग की चार छात्राएं बनी डीपू में सहायक प्रोफेसर

RELATED POSTS
गठबंधन पर मंथन
महिला शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बीपीएस...
ओलावृष्टि प्रभावित किसानों के लिए स्पेशल गिरदावरी के साथ...

MONDAY 4TH OF MARCH 2024 11:55:55 AM
POPULAR POSTS
Weekly Posts
AI to redefine patient health care industry, says Harvard...
Venkaiah Naidu unveiled book "There I Was" authored by...
Maxivision Super Specialty Eye Hospitals introduces Schwind...
North India Fashion show held in Chandigarh by Glorify...
IANS Interview: PM Modi has ensured there's no 'jugaad'...
FOLLOW US
Facebook Twitter Pinterest Linkedin Youtube Email
RECOMMENDED POSTS
IANS Interview: PM Modi has ensured there's no 'jugaad'...
'Farmers first' policy is Modi govt's resolve to boost...
(IANS Review) 'Article 370' sets the record straight on...
Surily G's return to the runway
Consuming over 22 per cent protein daily may clog your...
Farmers protest: Who's graph on stake (IANS Column: FairPoint)
GUEST POST
For advertisement, news, article, guest post, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com

COMMENTS

Name Email
Comment
I'm not a robot
Post Comment



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation
Terms & Conditions Privacy Policy

# दैनिक हवन में पूर्व स्नातिका ने सपरिवार आहुति डाली



गोहाना मुद्रिका, 2 मार्च : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में गुरुकुल कालीन परम्परा के अनुसार ही नित्य हवन का आयोजन किया जाता है। शनिवार हवन संध्या में वी.सी. प्रो सुदेश ने गुरुकुल की पूर्व स्नातिका शांति देवी के परिवार सहित हवन में आहुति डाली।

वी.सी. ने कहा कि शांति देवी बहुत ही उत्साह और स्नेह के साथ छात्राओं को आशीर्वाद देने आई हैं। वी.सी. ने कहा कि पूर्व स्नातिकाओं ने अपनी तपस्या से इस संस्थान को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हवन से हमारा वातावरण शुद्ध होता है। हमारी छात्राएं एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन में संघर्ष के लिए तैयार रहें।

शांति देवी ने कहा कि भगवान बच्चियों को संस्कार दें। अपनी कृपा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लड़का पढ़ता है तो एक घर सवरता है लेकिन बेटी पढ़ती है तो दो घर संवरते है। बी.पी.एस. में पढ़ी बेटियों की पहचान अलग ही होनी चाहिए। सभी को लगे कि इन बेटियों ने एक पवित्र संस्थान से शिक्षा व संस्कार ग्रहण किए हैं। इस अवसर पर शांति देवी के पुत्र जितेंद्र ने पत्नी सुनीता सहित यजमान स्वरूप हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर बहन कमला रानी , चीफ वार्डन सुमन दलाल, डॉ प्रिय धींगड़ा आदि मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
SUN,03 MARCH 2024
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 4

# दैनिक हवन में पूर्व स्नातिका ने सपरिवार डाली आहुति



*महिला विश्वविद्यालय में हुए हवन में आहुति डालते हुए अतिथि।* (अरोड़ा)

गोहाना, 2 मार्च (अरोड़ा) : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में गुरुकुल कालीन परम्परा के अनुसार ही नित्य हवन का आयोजन किया जाता है।

शनिवार हवन संध्या में वी.सी. प्रो. सुदेश ने गुरुकुल की पूर्व स्नातिका शांति देवी के परिवार सहित हवन में आहुति डाली।

वी.सी. ने कहा कि शांति देवी बहुत ही उत्साह और स्नेह के साथ छात्राओं को आशीर्वाद देने आई हैं। पूर्व स्नातिकाओं ने अपनी तपस्या से इस संस्थान को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि हवन से हमारा वातावरण शुद्ध होता है। हमारी छात्राएं एक सकारात्मक ऊर्जा के साथ जीवन में संघर्ष के लिए तैयार रहें।

शांति देवी ने कहा कि भगवान बच्चियों को संस्कार दें। अपनी कृपा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि लड़का पढ़ता है तो एक घर संवरता है लेकिन बेटी पढ़ती है तो 2 घर संवरते हैं। बी.पी.एस. में पढ़ी बेटियों की पहचान अलग ही होनी चाहिए। सभी को लगे कि इन बेटियों ने एक पवित्र संस्थान से शिक्षा व संस्कार ग्रहण किए हैं।

इस अवसर पर शांति देवी के पुत्र जितेंद्र ने पत्नी सुनीता सहित यजमान स्वरूप हवन में आहुति डाली। इस अवसर पर बहन कमला रानी, चीफ वार्डन सुमन दलाल, डॉ प्रिय धींगड़ा आदि मौजूद रहे।